विंग कमांडर ए गुणशेकर
*Wing Commander A Gunashekar*
कमान अधिकारी
Commanding Officer

| | |
|---|---|
| Tele | 0512-2457481 |
| AFNET IP | 2913-7800/7817 |
| Tele Fax | 0512-2457481 |
| Mobile | +919214692010 |
| E-mail (Office) | defender-colonial@gov.in |

3 वायु सैनिक चयन केन्द्र
वायुसेना स्टेशन कानपुर,
भारतीय वायु सेना,
कानपुर, उ.प्र.-208008
3 Airmen Selection Centre
C/o Air Force Station,
Indian Air Force,
Kanpur, U.P.-208008


3ASC/268/1/एच आर एम (आर टी जी) (बी एम-II)

02 जुलाई 2025

**निदेशक,**
**प्रशिक्षण एवं रोजगार निदेशालय,**
**उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ**

**भारतीय वायु सेना की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरवायु इनटेक 02/2026की भर्ती के विज्ञापन /अधिसूचना के प्रचार-प्रसार के लिये प्रशासनिक सहयोग हेतु अनुरोध**

आदरणीय महोदय,

1. यह चयन केन्द्र उत्तर प्रदेश में वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु (महिला एवं पुरुष) की भर्ती करने के लिए अधिकृत एकमात्र चयन केन्द्र है। हमारा उद्देश्य प्रति वर्ष बड़ी से बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं को वायु सेना में भर्ती हेतु प्रोत्साहित करना एवं भर्ती करना है । इस योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जाती है जिसका विवरण निम्नांकित है:-

1.1. **प्रथम चरण**: अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन लिखित परीक्षा का आयोजन प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जाता है।

1.2. **द्वितीय चरण**: अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं अनुकूलता परीक्षण इस चयन केन्द्र में संपन्न किया जाता है।

1.3. **तृतीय चरण**: उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण हेतु निर्धारित चयन केंद्र में उपस्थित होना होता है। चिकित्सा परीक्षण भारतीय वायु सेना चिकित्सा टीम द्वारा वायु सेना के चिकित्सा मानकों और प्रचलित नीति के अनुसार किया जाता है। तृतीय चरण में सफल अभ्यर्थियों को अग्निवीरवायु के रूप में भारतीय वायु सेना में नामांकित किया जाता है, जिसके पश्चात उन्हें प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में भेज दिया जाता है।

2. रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार अग्निपथ योजना के प्रचार-प्रसार हेतु विविध माध्यमों एवं कार्यक्रमों के आयोजन के द्वारा जनमानस एवं युवावर्ग में योजना के प्रति जागरुकता एवं प्रोत्साहन को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी भी इस चयन केन्द्र पर है। आगे आपको सादर सूचित किया जाता है कि अग्निवीरवायु इनटेक 02/2026 (महिला एवं पुरुष दोनों) की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर दिया गया है जिसका विवरण निम्नांकित है:-

2.1. भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक **11 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025** तक नियत है। पंजीकरण एवं अधिसूचना का लिंक https://agnipathvayu.cdac.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कृ.प.प.

2.2. उक्त भर्ती में दिनांक 02 जुलाई 2005 और 02 जनवरी 2009 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) के बीच जन्में पात्र अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मवीदवार ऑनलाइन आवेदन करने हेतु योग्य हैं।

2.3. भर्ती प्रक्रिया की प्रथम चरण की ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन दिनांक 25 सितंबर 2025 से प्रारंभ होगी।

3. **अत: आपसे विनम्र अनुरोध है कि निम्नलिखित माध्यम से यह जानकारी अधिक से अधिक विद्यार्थियों/ जनमानस/ युवाओं तक पहुँचाने हेतु अपेक्षित निदेश जारी करने की कृपा करें जिससे कि वे उक्त योजना के बारे में जागरुक हो सकें तथा भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकें। साथ ही साथ संबंधित सराकरी वेबसाइटों एवं सोशल मीडिया खातों पर भर्ती की अधिसूचना एवं जानकारी अपलोड करने का भी निदेश जारी करने की कृपा करें।**

4. इस विषय में अपेक्षित सहयोग के लिये आपकी महती कृपा होगी। सादर धन्यवाद।

भवदीय,

ए गुणशेकर

(ए गुणशेकर / A Gunashekar)
विंग कमांडर / Wing Commander
कमान अफसर / Commanding Officer

**<u>संलग्नक</u>**: (भर्ती प्रक्रिया की विज्ञापन की प्रति)

**<u>प्रतिलिपि</u>**:-

समस्त जिला सेवायोजन अधिकारी,
उत्तर प्रदेश - 

महोदय,

1. **अग्निवीर वायु इनटेक 02/2026** की भर्ती के विस्तृत संक्षिप्त विज्ञापन की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न की जा रही है।

2. निवेदन है कि अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया को सफल बनाने हेतु जिला के अधीनस्थ शिक्षण संस्थानों एवं संबंधित विभागों को भर्ती के विषय में अवगत कराने तथा विद्यार्थियों को योजना के बारे में जागरुक करने की कृपा करें जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी/ युवा भर्ती में प्रतिभाग कर सकें।

3. सादर धन्यवाद।

भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु की भर्ती संबंधी जरूरी सूचनाओं हेतु 3 वायुसैनिक चयन केंद्र के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट निम्नवत हैं। कृपया भर्ती में सम्मिलित होने के इच्छुक युवाओं को अवगत कराने की कृपा करें।

| सोशल मीडिया प्लेटफार्म | सोशल मीडिया अकाउंट का क्यू आर कोड | सोशल मीडिया अकाउंट का लिंक |
|---|---|---|
| एक्स (पूर्व में ट्विटर) | | x.com/3asc_kanpur |
| व्हाट्सैप कम्युनिटी | | |
| इंस्टाग्राम | | instagram/3asc.kanpur |